प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 28.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज पद्म पुरस्कार करेंगी प्रदान, झारखंड के लोक कलाकार महावीर नायक को पद्मश्री से किया जाएगा सम्मानित।
- पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत ने कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को किया बैन, पाक दूतावास बंद करने और अटारी बॉर्डर सील करने का फैसला।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गिरिडीह के पांच मजदूरों के अपहरण का लिया संज्ञान, केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से की मदद की अपील।
- देवघर में साइबर क्राइम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, नौ आरोपी गिरफ्तार, साइबर ठगी से संबंधित ट्रांजेक्शन के मिले प्रमाण ।
- कलिंगा सुपर लीग फुटबॉल में जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने कल नॉर्थ ईस्ट यूनाईटेड फुटबॉल क्लब को पांच–चार से हराया, सेमीफाइनल के लिए किया क्वालीफाई।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में पहले नागरिक सम्मान समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। वे वर्ष 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी जिस में सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। झारखंड के प्रसिद्ध नागपुरी गायक महावीर नायक को भी पद्मश्री सम्मान देने की घोषणा की गयी है। यह सम्मान मिलने पर लोक कलाकार महावीर नायक ने खुशी जाहिर की। श्री नायक ने इस सम्मान के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया।

********************

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर गलत सूचना फैलाने के लिए डॉन न्यूज, समा टीवी, आर्य न्यूज और जियो न्यूज सहित 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन यूट्यूब चैनलों पर सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे और भ्रामक बयान फैलाने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है।

सरकार ने हमले पर बी.बी.सी. की रिपोर्टिंग पर भी आपत्ति जताई है और भारत के बी.बी.सी. प्रमुख को देश की भावनाओं से अवगत कराया है। आतंकवादी को उग्रवादी कहने के लिए बी.बी.सी. को एक औपचारिक पत्र भी भेजा गया है और आगे विदेश मंत्रालय द्वारा बी.बी.सी. की रिपोर्टिंग पर नज़र रखी जाएगी।

********************

पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर में गिरिडीह के पांच प्रवासी मजदूरों के अपहरण के मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर से मजदूरों की मदद का आग्रह किया है। गौरतलब है कि सभी मजदूर कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड कंपनी में कार्यरत थे।

********************

आगामी विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) के अंतर्गत इंडिया अ बड्र्स आई व्यू चैलेंज के शीर्ष 5 फाइनलिस्ट की घोषणा कल कर दी गई। इस चैलेंज में प्रतिभागियों को 2 या 3 मिनट लंबे हवाई वीडियो प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रत्येक श्रेणी से पाँच फाइनलिस्ट को कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद शॉर्टलिस्ट किया गया, इन शॉर्टलिस्ट की गई प्रविष्टियों को वेव्स 2025 में प्रदर्शित किया जाएगा, और विजेताओं की घोषणा की जाएगी और शिखर सम्मेलन में एक भव्य समारोह के दौरान उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

********************

आज भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी मजबूत सकारात्मक वैश्विक बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 795 अंक बढ़कर 80 हजार आठ पर और निफ्टी 235 अंक बढ़कर 24 हजार 274 पर कारोबार कर रहा था।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 89 हजार 600 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

देवघर साइबर थाना ने साइबर क्राइम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर, जसीडीह, खागा, मोहनपुर, कुंडा, पालोजोरी और मधुपुर थाना क्षेत्रों के कई गांवों में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने नौ युवकों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। सभी संदिग्धों के मोबाइल फोन, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, पासबुक और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस को साइबर ठगी से संबंधित ट्रांजैक्शन के प्रमाण मिले हैं।

********************

लोहरदगा जिले में अधिवक्ताओं के लिए डालसा द्वारा ऑनलाइन फाईलिंग एवं ई–कोर्ट कार्य पद्धति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

********************

21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कोडरमा में जोरशोर से तैयारी चल रही है। हरिद्वार से आए स्वामी विश्वदेव और स्वामी कौशलदेव के नेतृत्व में झुमरी तिलैया के ग्रैंड सूर्या परिसर में तीन दिवसीय योग शिविर शुरू हुआ है जिस में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग विभिन्न योग मुद्राओं और प्राणायाम की बारीकियां सीख रहे हैं। स्वामियों ने लोगों से आह्वान किया कि वे योग को केवल एक दिन के लिए नहीं, बल्कि अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

********************

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार आज और कल राज्य के विभिन्न हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना है। इस कारण अगले तीन दिनों तक झारखंड के तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। वहीं, कई जगहों पर वज्रपात की भी चेतावनी दी गई है, जिसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले दिनों में निकटवर्ती मध्य, दक्षिणी और उत्तर पश्चिमी भाग में भारी वर्षा हो सकती है जिसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

********************

खेल की खबरें–

कलिंगा सुपर लीग–2025 फुटबॉल में कल भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने नॉर्थ ईस्ट यूनाईटेड फुटबॉल क्लब को रोमांचक पेनॉल्टी शूटआउट में पांच–चार से हराकर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। तीस अप्रैल को होने वाले सेमीफाइनल मैच में जमशेदपुर एफसी का सामना मुम्बई सिटी एफसी से होगा।

भारत ने कल दिल्ली में आयोजित दूसरे एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। भारत 83 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल 87 पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर रहा।

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मेजबान राजस्थान रॉयल्स का सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा।

******************